बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांक :– प. 02/बा.शि.फा./गार्गी पुरस्कार/2019–20/837 जयपुर, दिनांक :– 10.1.2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा

विषयः– गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देशों के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि सत्र 2019–20 में गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन भरवाये जा रहे है। इस संबंध में निम्नानुसार दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जानी है–

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक, प्रवेशिका, उच्च माध्यमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा– 2019 में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं पुरस्कार की पात्र है।
2. उपरोक्त दोनों पुरस्कारों हेतु शाला दर्पण पर **"बालिका शिक्षा प्रोत्साहन"** के नाम से एक लिंक बनाया गया है उसी पर बालिका द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा।
3. गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के प्रमाण–पत्र आपको उपलब्ध करवाये जायेगें, उन्हें ब्लॉक/पंचायत समितिवार अलग कर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करवाने होगें।
4. प्रमाण–पत्र एवं द्वितीय किस्त के चैक इस कार्यालय द्वारा दिनांक 28से 30 जनवरी 2020 के मध्य उपलब्ध करवाये जायेगें। उक्त कार्य दिवसों में वाहक स्तर से इन्हें मगंवाने की व्यवस्था करें।
5. कक्षा 10 की जिन बालिकाओं को गत सत्र में प्रथम किस्त का भुगतान चेक द्वारा किया गया था उन्हें सत्र 2019–20 में द्वितीय किस्त का भुगतान पूर्व की भांति चेक द्वारा ही किया जायेगा। उक्त चेक भी प्रमाण–पत्रों के साथ ही दिये जायेगें।
6. गार्गी पुरस्कार समारोह आयोजन की तिथि के संबंध में अलग से अवगत करवाया जायेगा।
7. कक्षा 10 की बालिका को 3000 रूपये एवं कक्षा 12 की बालिका को 5000 रूपये पुरस्कार देय होगा।
8. गार्गी पुरस्कार समारोह जिला मुख्यालय एवं पंचायत समिति मुख्यालय स्तर पर आयोजित करना होगा।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा वेरिफिकेशन हेतु निम्न कार्य किये जायेंगे–

1. ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्रों का वेरिफिकेशन आपके अधिनस्थ **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO)** द्वारा किया जायेगा।
2. शाला दर्पण पर CBEO को लॉग इन करना होगा।

3. लॉग ईन के पश्चात ऑफिस में माई ऑफिस में बालिका शिक्षा फाउण्डेशन मेन्यू पर क्लिक करना होगा।
4. क्लिक करने के पश्चात नया पेज खुलेगा जिसमें 4 बॉक्स बने हुए है बालिका के वेरिफिकेशन हेतु उसमें **Approved** लिखा होगा उस बॉक्स में ✔ का निशान लगाना होगा

   (i) छात्रा का नाम ✔

   (ii) गत विद्यालय का विवरण ✔

   (iii) वर्तमान में अध्ययनरत विद्यालय का विवरण ✔

   (iv) बैंक खाते का विवरण ✔
5. उपरोक्त चारों बिन्दुओं का वेरिफिकेशन करने के बाद दो ऑफ्शन **Approved** व **Reject** में से एक को **select** करना होगा फिर इसके बाद **Remark** डालना होगा।
6. उपरोक्त कार्यवाही करने के बाद Submit बटन पर क्लिक करना होगा।
7. कक्षा 10 उर्तीण बालिका से कक्षा 11 में नियमित अध्ययनरत् रहने का का प्रमाण–पत्र अनिवार्य है तथा कक्षा 12 उर्तीण बालिकाओं के लिए नियमित अध्ययनरत प्रमाण–पत्र की आवश्यकता नहीं है।
8. विस्तृत जानकारी हेतु शाला दर्पण कार्यालय में सम्पर्क करें।

उपरोक्त बिन्दूओं के अनुसार आवेदन पत्रों का वेरिफिकेशन करने हेतु आपके अधिनस्थ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि प्रतिदिन भरे गये आवेदन पत्रों का तुरन्त वेरिफिकेशन करें वेरिफिकेशन के अभाव में बालिकाओं के खाते में राशि स्थानान्तरित किया जाना संभव नहीं होगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।

(रामचंन्द्र सिंह बगड़िया)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

क्रमांक :– प. 02 / बा.शि.फा. / गार्गी पुरस्कार / 2019–20/ 838 जयपुर, दिनांक :– 10.1.2020
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
2. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भेजकर लेख है कि ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्रों का वेरिफिकेशन उसी दिन करना सुनिश्चित करें।
3. उप निदेशक **शाला दर्पण** को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र को **शाला दर्पण** पर अपलोड करवाने का श्रम करें।

उप सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर